# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 16.02.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला,दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान, न्यायाधीश, ज्ञानशिखा टाइम्स, राष्ट्रीय सहारा,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 16.02.2025

### वीडीए ने ध्वस्त कराई अवैध प्लॉटिंग

**वाराणसी।** वीडीए ने शनिवार को जोन-3 में अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त कराई। कोतवाली वार्ड के सुधीर कुमार विश्वकर्मा बिना मानचित्र स्वीकृत कराए निर्माण करा रहे थे। इस पर कार्रवाई करते हुए उसे सील कर दिया गया। मौके पर जोनल अधिकारी सौरव देव प्रजापति अवर अभियंता रोहित कुमार उपस्थित रहे। संवाद

## अमर उजाला–दि0 16.02.2025

### 2.75 करोड़ से होगा बरात घर का निर्माण

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण (वीडीए) के कई विकास खंडों में 2.75 करोड़ रुपये से मॉडल सामुदायिक भवन और बरात घर के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। विधायक नील रतन पटेल की प्रतिनिधि आदिति सिंह भूमि पूजन में पहुंचीं। उन्होंने कहा कि ठठरा में हो रहे इस परियोजना से क्षेत्रवासियों को बेहतर सुविधा मिलेगी। ब्यूरो

## हिन्दुस्तान–दि0 16.02.2025

### निर्माणाधीन रिकॉर्ड रूम का किया निरीक्षण

**वाराणसी।** वीडीए में आधिकारिक दस्तावेजों और फाइलों के सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित रखरखाव के लिए अत्याधुनिक रिकॉर्ड रूम का निर्माण कार्य तेजी से जारी है। उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने शनिवार को रिकार्ड रूम का निरीक्षण किया। निर्माण एजेंसी और अधिकारियों को समय पर कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। लगभग 354.33 वर्ग फीट के क्षेत्रफल इसका निर्माण होगा।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002
Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

## दैनिक जागरण–दि0 16.02.2025

### 19 लाख की लागत से बन रहा वीडीए का रिकार्ड रूम



तैयार हो रहा वीडीए का रिकार्ड रूम।

जासं, वाराणसी: विकास प्राधिकरण में आधिकारिक दस्तावेजों और फाइलों के सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित रखरखाव के लिए अत्याधुनिक रिकार्ड रूम का निर्माण कार्य जारी है। 354.33 वर्ग फीट के क्षेत्रफल में तैयार हो रहे इस रूम के निर्माण की कुल लागत 19,लाख 77 हजार है।

उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के अनुसार दस्तावेजों के संरक्षण और व्यवस्थित प्रबंधन के लिए आधुनिक कंपेक्टर सिस्टम भी लगाया जा रहा है। इसकी लागत करीब 36 लाख रुपये होगी। शनिवार को निरीक्षण कर उपाध्यक्ष ने कहा कि कार्य को समय पर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। यह रिकॉर्ड रूम भविष्य में वीड़ीए की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने में मदद करेगा। इसमें सभी जरूरी कागजात को डिजिटल के साथ सुरक्षित स्टोरेज की सुविधा होगी। इसे फरवरी 2025 के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा।

## न्यायाधीश–दि0 16.02.2025

### मोडल सामुदायिक भवन/बरात घर के निर्माण कार्य का किया गया शिलान्यास



वाराणसी । 15फरवरी को वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलिकत गर्ग के निर्देशानुसार ग्राम ठठरा में मोडल सामुदायिक भवन/बरात घर के निर्माण कार्य का शिलान्यास मनोनीत सदस्य नील रतन पटेल निलू के प्रतिनिधि आदिति सिंह पटेल द्वारा किया। इस परियोजना की लागत लगभग 275.58 लाख रुपये है। प्रतिनिधि आदिति सिंह पटेल द्वारा सामुदायिक भवन/बरात घर वाराणसी के विकास के लिए लगातार कार्य किए जा रहे है.। मौके पर मौजूद अधिशासी अभियंता अरविन्द्र शर्मा व अवर अभियन्ता संजय गुप्ता व ठठरा के ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 16.02.2025

### वाराणसी विकास प्राधिकरण के विभिन्न विकास खण्डों में मोडल सामुदायिक भवन/बरात धर के निर्माण कार्य का शिलान्यास

वाराणसी। विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलिकत गर्ग के निर्देश पर ग्राम ठठरा में मोडल सामुदायिक भवन/बरात धर के निर्माण कार्य का शिलान्यास मनोनीत सदस्य माननीय नील रतन पटेल निलू जी के प्रतिनिधि आदिति सिंह पटेल द्वारा किया। इस परियोजना की लागत लगभग 275.58 लाख रुपये है।प्रतिनिधि आदिति सिंह पटेल द्वारा सामुदायिक भवन/बरात धर वाराणसी के विकास के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं, और इस परियोजना से क्षेत्रवासियों को बेहतर सुविधा मिलेगी। मौके पर मौजूद अधिशासी अभियंता अरविन्द्र शर्मा व अवर अभियन्ता संजय गुप्ता व ठठरा के ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 16.02.2025

### वाराणसी विकास प्राधिकरण में बन रहा रिकॉर्ड रूम, फरवरी माह के अंत तक होगा तैयार

वाराणसी। कुल 354.33 वर्ग फीट क्षेत्रफल में होगा रिकॉर्ड संरक्षित, फाइलों के बेहतर रखरखाव के लिए लगेगा कम्पेक्टर वाराणसी। विकास प्राधिकरण (वीडीए) में आधिकारिक दस्तावेजों और फाइलों के सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित रखरखाव के लिए अत्याधुनिक रिकॉर्ड रूम का निर्माण कार्य तेजी से जारी है। यह प्रोजेक्ट वीडीए के उपाध्यक्ष के निर्देश पर बनाया गया है जिसके क्रम में निर्माण हो रहा है।रिकॉर्ड रूम लगभग 354.33 वर्ग फीट के क्षेत्रफल में तैयार किया जा रहा है, जिसकी कुल लागत ?19,77,000 है। इसमें दस्तावेजों के संरक्षण और व्यवस्थित प्रबंधन के लिए आधुनिक कम्पेक्टर सिस्टम भी लगाया जा रहा है, जिसकी लागत करीब 36 लाख रुपये होगी, जिससे महत्वपूर्ण फाइलों को सुरक्षित और सुगम तरीके से रखा जा सकेगा।उपाध्यक्ष के निरीक्षण दौरान निर्माण एजेंसी और अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्य को समय पर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए, यह रिकॉर्ड रूम भविष्य में वीडीए की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने में मदद करेगा। इससे दस्तावेजों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी और प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और गति आएगी। रिकॉर्ड रूम के बनने से पुराने और नए सभी महत्वपूर्ण दस्तावेजों को डिजिटलीकरण के साथ सुरक्षित स्टोरेज सुविधा भी उपलब्ध होगी, जिससे फाइलों की ट्रेसिंग आसान होगी।अधिकारियों द्वारा बताया गया है की फरवरी 2025 के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


न्यायाधीश–दि0 16.02.2025

## वीडीए द्वारा एक ही दिन एक साथ पास किये गये 02 होटल, 01 मेडिकल लैबोरेटरी सेंटर, 01 ले-आउट (भू-विन्यास) मानचित्र

वाराणसी। वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा 02 होटल, 01 मेडिकल लैबोरेटरी सेंटर तथा 01 ले-आउट (भू-विन्यास) मानचित्र को स्वीकृत किया गया। मानचित्र स्वीकृति की वर्तमान गतिमान सरलिकृत व्यवस्था से मानचित्र निस्तारण समय न्यूनतम हो गया है जिसका सीधा लाभ आम जनमानस को प्राप्त हो रहा है। आज स्वीकृत किये गए मानचित्रों का विवरण निमन्वत है:-श्री गुलशन कुमार अरोड़ा पुत्र स्वर्गीय बाबू राम प्लॉट नंबर डी-57/35-1, आराजी नंबर-88, मौजा-रामापुरा, परगना-देहात अमानत, जिला-वाराणसी पर 1500 वर्गमीटर के भूखंड पर 2 स्टार होटल के प्रस्तुत मानचित्र को 10 दिन मे कम समयावधि में पास किया गया है। स्वीकृत होटल मे 30 कमरे, 46 पार्किंग, रेस्टोरेन्ट, कान्फ्रेंस हाल, मीटिंग हाल का प्रविधान किया गया है। श्री अशोक कुमार सिंह पुत्र सूबेदार सिंह द्वारा पता आराजी नंबर 251,254 मौजा - सेहमलपुर, परगना अठगावा, तहसील पिंडरा, जिला वाराणसी पर 1085 वर्गमीटर के भूखंड पर बजट होटल के प्रस्तुत मानचित्र को 8 दिन मे कम समयावधि में पास किया गया है। स्वीकृत होटल मे 48 कमरे, 29 पार्किंग, कैफेटेरिया का प्रविधान किया गया है। श्री अनिल कुमार राय पुत्र स्वर्गीय हरिवंश राय द्वारा आराजी नंबर-1524, प्लॉट नंबर-4, मौजा-अमारा खैरा चक, परगना-देहात अमानत, तहसील-सदर, वाराणसी पर 632 वर्गमीटर के भूखंड पर मेडिकल लैबोरेटरी सेंटर के प्रस्तुत मानचित्र को 7 दिवस में पास किया गया है। मे. विराट इंफ्राकॉन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एसएम प्लॉट नं. 16/1,18,19,20 एवं 21, मौजा-हुकुलगंज, परगना-शिवपुर, तह. एवं जिला-वाराणसी पर 2938.53 वर्गमीटर के भूखंड पर नवीन भू विन्यास मानचित्र 10 दिन में स्वीकृत किया गया है। इस परियोजना मे 21 भूखंड एवं 01 कामर्सियल स्थान की परिकल्पना की गयी है। परियोजना में 12 तथा 09 मीटर की आंतरिक रोड उपलब्ध कराई गयी है।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## न्यायाधीश–दि0 16.02.2025

### वीडीए जोन - 3 ने अवैध निर्माण को किया सील



वाराणसी। उपाध्यक्ष वाविप्रा द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम मे वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी जोन-3, वार्ड- कोतवाली की प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध निर्माण के विरूद्ध सील की कार्यवाही सम्पादित की गयी। इस क्रम में वार्ड- कोतवाली के अन्तर्गत बिना मानचित्र स्वीकृत कराए सुधीर कुमार विश्वकर्मी द्वारा बिना मानचित्र स्वीकृत कराए भवन संख्या के - 67/20, औसानगंज , ईश्वरगंगी मे निर्मित जी+1 तल पर शटरिंग का कार्य किया जा रहा था जिसे आज दिनांक 15/02/2025 को 30प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम, 1973 की सुसंगत धारा के अंतर्गत सील किया गया। इस मौके पर जोनल अधिकारी सौरव देव प्रजापति अवर अभियंता रोहित कुमार उपस्थित रहे। उपाध्यक्ष द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 16.02.2025

### वीडीए के विभिन्न विकास खण्डों में मॉडल सामुदायिक भवन/ बारात घर के निर्माण कार्य का शिलान्यास

**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलिकत गर्ग के निर्देशानुसार ग्राम ठठरा में मॉडल सामुदायिक भवन/ बारात घर के निर्माण कार्य का शिलान्यास मनोनीत सदस्य नील रतन पटेल 'नीलू' के प्रतिनिधि आदिति सिंह पटेल ने किया। इसकी लागत लगभग 275.58 लाख रुपये है। प्रतिनिधि ने सामुदायिक भवन/ बारात घर वाराणसी के विकास के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं, और इस परियोजना से क्षेत्रवासियों को बेहतर सुविधा मिलेगी। मौके पर अधिशासी अभियंता अरविंद्र शर्मा व अवर अभियंता संजय गुप्ता व ठठरा के ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 16.02.2025

### वीडीए ने सील किया अवैध निर्माण

**वाराणसी।** वीडीए जोन तीन वार्ड कोतवाली की प्रवर्तन टीम ने अवैध निर्माण के विरूद्ध सील की कार्यवाही की गयी। कोतवाली के अंतर्गत बिना मानचित्र स्वीकृत कराए सुधीर कुमार विश्वकर्मी द्वारा औसानगंज, ईश्वरगंगी में निर्मित जी+1 तल पर सटरिंग का कार्य किया जा रहा था जिसे सील किया गया।

राष्ट्रीय सहारा–दि0 16.02.2025

## वीडीए में बन रहा रिकॉर्ड रूम फरवरी के अंत तक होगा तैयार

सहारा न्यूज ब्यूरो

**वाराणसी।**

वीडीए में आधिकारिक दस्तावेजों और फाइलों के सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित रखरखाव के लिए अत्याधुनिक रिकार्ड रूम का निर्माण कार्य तेजी से जारी है। यह प्रोजेक्ट वीडीए के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर निर्माण हो रहा है। रिकॉर्ड रूम लगभग 354.33 वर्ग फीट के क्षेत्रफल का है। जिसकी कुल लागत रु. 19,77,000 है। इसमें दस्तावेजों के संरक्षण और व्यवस्थित प्रबंधन के लिए आधुनिक कम्पेक्टर सिस्टम भी लगाया जा रहा है। इसकी लागत करीब 36 लाख रुपये होगी। इससे अहम् फाइलों को सुरक्षित और सुगम तरीके से रखा जा सकेगा। वीडीए उपाध्यक्ष के निरीक्षण दौरान निर्माण एजेंसी और अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्य को समय पर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। यह रिकॉर्ड रूम भविष्य में वीडीए की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने में मदद करेगा। वीडीए उपाध्यक्ष का कहना है कि फरवरी 2025 के अंत तक रिकार्ड रूम का काम पूरा कर लिया जाएगा।